प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 08.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दी देश को चार वंदे भारत ट्रेन की सौगात, कहा– किसी भी विकसित देश के आर्थिक विकास की कुंजी है इंफ्रास्ट्रक्चर।
2. घाटशिला विधानसभा उपचुनाव का प्रचार चरम पर, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गंठबंधन और महागठबंधन के शीर्ष नेता मतदाताओं को लुभाने में जोर–शोर से जुटे।
3. जैक बोर्ड की 10वीं और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 18 नवंबर से 5 दिसंबर तक भरे जायेंगे फार्म, जेपीएससी ने झारखंड कक्षपाल प्रतियोगिता परीक्षा–की आवेदन प्रक्रिया स्थगित की।
4. झारखंड पात्रता परीक्षा के लिए जोड़े गये 15 नए एलाइड विषय, फॉर्म भरने की तिथि 17 नवंबर से बढ़ाकर 1 दिसंबर की गयी।
5. रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के तहत फुटबॉल महासंगम का हुआ शुभारंभ, दर्जनों टीमें ले रही हैं हिस्सा।

***********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के वाराणसी से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाडियों को रवाना किया। श्री मोदी ने वाराणसी रेलवे स्टेशन से बनारस–खजुराहो वंदे भारत रेलगाडी के साथ–साथ तीन अन्य वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअल माध्यम से रवाना किया। ये रेलगाडियां लखनऊ–सहारनपुर, फिरोजपुर–दिल्ली और एर्नाकुलम–बेंगलुरु मार्ग पर चलेंगी। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि ये वंदे भारत रेलगाडियां संपर्क को बेहतर बनाएंगी और नागरिकों को अधिक सुविधा प्रदान करेंगी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ये रेलगाडियां देश भर में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी।

***********************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के लिए अब केवल दो दिन शेष रह गये हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं और रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के कई दिग्गज आज भी अपने प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में चुनावी रैलियां करेंगे। इधर, झामुमो की ओर से पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन संयुक्त रुप से चुनावी रैली करेंगे।

***********************

जैसे–जैसे घाटशिला चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के बीच जुबानी जंग भी तेज होती जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासियों की अस्मिता खतरे में है और सरकार चुपचाप बैठी है।

इस पर कांग्रेस ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है। आदिवासी अस्तित्व को अगर कोई बचा रहा है तो वह महागठबंधन ही है।

***********************

इस बीच भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि घाटशिला में झामुमो हार के डर से हताश हो गया है। श्री साहू ने दावा किया कि मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी की चुनावी सभाओं में जेएमएम की स्थिति पूरी तरह से हताश और निराश हो चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की सभाओं से स्थानीय लोग किनारा कर रहे हैं।

***********************

वित्त एवं वाणिज्यकर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में वाणिज्य कर विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की प्रगति एवं भविष्य की कार्य योजना की समीक्षा की। कांके रोड स्थित उत्पाद भवन के सभागार में की गई समीक्षा बैठक में अधिकारियों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि झारखण्ड के विकास के लिए आंतरिक स्रोतों से राजस्व को बढ़ाये जाने की नितांत आवश्यकता है।

************************

सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने अपनी नौ सूत्री मांगों के समर्थन में आज पाकुड़ जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। पार्टी के जिला सचिव कामरेड गुपिन सोरेन के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की । कार्यकर्ता किसानों को समय पर बीज, खाद, कीटनाशक दवा समय पर मुहैया कराने, बिजली की नियमित आपूर्ति करने, सभी पंचायतों में धान क्रय चालू करने, किसानों की कर्ज माफ करने, दाखिल खारिज ऑन लाइन के अलावा ऑफ लाइन करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के उपरांत पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक मांग पत्र भी अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा।

************************

एनएचएम की अपर सचिव और एफपी 2030 बोर्ड सदस्य अराधना पटनायक कोलंबिया के बोगोटा में आयोजित एफपी 2030 गवर्निंग बोर्ड की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान एफपी 2030 के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में भारत की भूमिका की सराहना की गई।

************************

झारखंड अधिविद्य परिषद्– जैक ने 10वीं और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के लिए आवेदन की तिथियों की घोषणा कर दी है। आवेदन की प्रक्रिया 18 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलेगी। इसके बाद आवेदन करने वालों को लेट फीस देनी होगी। लेट फीस के साथ भी 12 दिसंबर तक ही आवेदन किया जा सकता है।

************************

जेपीएससी ने झारखंड कक्षपाल प्रतियोगिता परीक्षा–2025 की आवेदन प्रक्रिया स्थगित कर दी है। आवेदन करने की तिथि 7 नवंबर से 8 दिसंबर तक तय की गई थी। आयोग ने यह घोषणा की है कि अपरिहार्य कारणों से आवेदन प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित किया जा रहा है। आवेदन करने की नई तिथि शीघ्र जारी की जाएगी।

************************

झारखंड लोक सेवा आयोग ने झारखंड पात्रता परीक्षा–जेट में इस बार 15 नए एलाइड विषय शामिल करने का निर्णय लिया है। इन विषयों को पहले से मौजूद 43 कोर विषयों के साथ जोड़ा गया है। इससे अब अधिक संख्या में अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए पात्र हो सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर 2025 तय थी, लेकिन अब आयोग ने इसे बढ़ाकर 1 दिसंबर कर दी है।

************************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में विद्युत संबंधी मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालत 29 नवम्बर को लगाई जाएगी। इसके लिए व्यापक जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

************************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 12 हजार नौ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 58 हजार रुपये प्रति किलो है।

************************

राजधानी समेत राज्य में आज से तापमान में और कमी आएगी। सर्द हवा में आयी तेजी के कारण रात के तापमान अगले चार दिनों के दौरान तीन से चार डिग्री गिरेंगे। इससे राजधानी समेत राज्य के विभिन्न जिलों में रात को कुहासा के साथ सर्दी बढ़ेगी।

***********************

रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के तहत फुटबॉल महासंगम आज से शुरु हो गयी है। इसमें दर्जनों टीम हिस्सा ले रही हैं। दो विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कांके विधानसभा क्षेत्र के लिए महोत्सव सीआईपी टीना ग्राउंड में हो रहा है जबकि हटिया विधानसभा क्षेत्र के लिए महोत्सव एचईसी स्टेडियम में चल रहा है।

***********************